मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 17 अप्रैल 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	17-04-14	18-04-14	19-04-15	20-04-15	21-04-15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	40	41	42	40	41
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	25	27	29	29	28
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	34	33	35	32	29
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	17	16	14	19	11
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	20	22	25	33	41
हवा की दिशा	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

आगामी पांच दिन तेज हवा चलने की सम्भावना को देखते हुए कटी हुई रबी फसलों को सुरक्षित रखें। गेहूँ का भुसा सुरक्षित स्थान पर रखें।

अधिकतम एंव न्यूनतम तापमाप में बढोतरी के कारण सब्जियों व चारे वाली फसलों में समय पर सिंचाई करें।

फसल की कटाई के बाद खेत में कीड़े, जीवाणु एवं खरपतवारों के बीज मौजूद रहते हैं अतः इनके नियत्रण के लिए ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें।

ग्रीष्मकालीन सब्जियों में विषाणु रोग के लक्षण दिखाई देने पर डाइमिशोएट 30 ई.सी. दवा का एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें।

बहु–कटाई वाली चरी में बुवाई के 25 से 30 बाद 30 किलो ग्राम नत्रजन (65 किलो ग्राम यूरिया) दें।

पशुओं को दिन में तीन से चार बार पानी पिलाएं।